# 11 क्रम व्यवस्था परीक्षण

1. नितिन 49 छात्रों की कक्षा में अठारहवें स्थान पर हैं। अंत से उसका स्थान क्या होगा?
(a) 18 (b) 19
(c) 31 (d) 32

2. 40 वृक्षों की एक पंक्ति में, नीबू का वृक्ष दायीं ओर से 23वाँ है। बायी ओर से उस वृक्ष का स्थान क्या है?
(a) 19 (b) 17
(c) 18 (d) 16

3. 50 लडको की पंक्ति में मिं. पंवार का स्थान दाएं छोर से 14 वाँ है। बाएं से उनका स्थान कौन-सा होगा?
(a) 36 वाँ (b) 37 वाँ
(c) 38 वाँ (d) 32 वाँ

4. लड़कियों की एक पक्ति में दोनों छोर से सुनीता का स्थान 11 वाँ है। उस पंक्ति में कितनी लड़कियां है?
(a) 21 (b) 22
(c) 19 (d) 20

5. कविन्द्र का अपनी कक्षा में ऊपर से 17 वाँ तथा नीचे से 19 वीं स्थान है। तो उसकी कक्षा में कुल कितने छात्र है?
(a) 33 (b) 34
(c) 35 (d) 36

6. सैम कक्षा में ऊपर से नौवें स्थान पर है और नीचे से अड़तीसवें स्थान पर है। कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?
(a) 45 (b) 46
(c) 47 (d) 48

7. 31 छात्रों की कक्षा में मनोज और सचिन ऊपर से क्रमशः सातवें और ग्यारहवें स्थान पर हैं। कक्षा में नीचे से उनका स्थान क्या होगा?
(a) 20 वां 24 वां (b) 24 वां 20 वां
(c) 25 वां 21 वां (d) 26 वां 22 वां

8. भारती, दिव्या से 8 स्थान आगे है जो 42 बच्चों की कक्षा में छब्बीसवे स्थान पर है। भारती का अंत से स्थान क्या होगा ?
(a) 9 वां (b) 24 वां
(c) 25 वां (d) 34 वां

9. लड़कों की एक कक्षा एक ही पंक्ति में खड़ी है। इस क्रम में एक लड़का दोनों सिरों से उन्नीसवें स्थान पर है। कक्षा में कितने लड़के हैं?
(a) 27 (b) 37
(c) 38 (d) 39

10. लड़कों की एक पंक्ति में राजन बाएं छोर से छठे स्थान पर है और विनय दाएं छोर से दसवें स्थान पर है। यदि राजन और विनय के बीच आठ लड़के हैं, तो पंक्ति में कितने लड़के होंगे?
(a) 23 (b) 24
(c) 25 (d) 26

11. एक कक्षा में किसी परीक्षा में पास होने वालों में से, ऐना का ऊपर से 18 वॉ और नीचे से 39 वॉ स्थान आया। दस विद्यार्थी परीक्षा में नहीं बैठे और चार फेल हो गए। कक्षा में विद्यार्थीयो की कुल संख्या कितनी है?
(a) 40 (b) 60
(c) 56 (d) 70

12. 37 लड़कियाँ एक पंक्ति में स्कूल की इमारत की ओर मुख करके खड़ी है। आयशा बाएँ छोर से 15 वें स्थान पर है। यदि उसे छः स्थान दायी ओर स्थानांतरित किया जाता है, तो दाएँ छोर से उसका स्थान क्या होगा?
(a) 16th (b) 20th
(c) 21th (d) इनमें से कोई नहीं

13. लडकियों की एक पक्ति में, प्रीति बाएं से तेरहवें स्थान पर है। मौली जो दॉए से तेईसवे स्थान पर है, वह प्रीति के दायी ओर से तीसरे स्थान पर है। पंक्ति में कितनी लडकियाँ है?
(a) 32 (b) 31
(c) 34 (d) 38

14. 52 बच्चों की एक कक्षा में, बिलाल का स्थान नीचे सें 11 वाँ है। सलमान, बिलाल से 9 स्थान ऊपर है। ऊपर से सलमान का क्या स्थान है?
(a) 37th (b) 33th
(c) 38th (d) 35th

15. लडकों की एक पक्ति में सुनिल का स्थान बाये से 20 वाँ है तथा दीपक का स्थान दायें से 36 वाँ है। अपने स्थानो को परस्पर बदलनें के बाद, सुनील का स्थान बाये से 28 वाँ हो जाता है। पंक्ति में कितने लडके है?
(a) 52 (b) 63
(c) 59 (d) 48

16. 25 बच्चों की एक पक्ति में, रवि का स्थान दाएं छोर से 16 वाँ तथा मोहित का स्थान बाएं छोर से 18 वाँ है। उनके मध्य में कितने बच्चें है?
(a) 5 (b) 7
(c) 6 (d) 8

17. लडकों की एक पंक्ति में अमन ऊपर से 12 वें स्थान तथा बमन नीचे से 18 वें स्थान पर है। यदि अमन तथा बमन के मध्य में 6 लडके है, तो पंक्ति में न्यूनतम कितने लडके है?
(a) 22 (b) 24
(c) 36 (d) 28

18. लोगों की एक पक्ति में, Q से पहले 12 लोग है। P तथा Q के मध्य में 4 लोग है। Q तथा S के मध्य में 15 लोग है। यदि S तथा R के मध्य में 8 लोग है, तो पंक्ति में कम से कम कितने लोग है?
(a) 29 (b) 32
(c) 36 (d) 37

19. जेम्स बाएं से 18 वें स्थान पर है और नैन्सी दाएं से 27 वे स्थान पर है। अगर उनके मध्य 5 लोग है, तो पक्ति में व्यक्तियों की कुल संख्या कितनी है?
(a) 49 (b) 51
(c) 38 (d) 40

20. 39 छात्रो की एक कक्षा में सुरेश, अशोक से 7 स्थान आगे है। यदि अशोक का स्थान अंत से 17 वॉ हो, तो सुरेश का स्थान आरम्भ से कौन सा होगा?
(a) 15 वॉ (b) 16 वॉ
(c) 23 वॉ (d) 24 वॉ

21. एक स्कूल की सुबह की प्रार्थना में चंचल आगे से 8वें स्थान पर थी, जबकि प्रिंस उसी पंक्ति पीछे से 11वें स्थान पर था। यदि वे अपने पदों की अदला-बदली करते हैं, तो चंचल सामने से 22वें स्थान पर आ जाती हैं। पंक्ति में विद्यार्थियों की संख्या कितनी है?
(a) 32 (b) 30
(c) 31 (d) 33

22. X शीर्ष से 7 वें स्थान पर है जबकि Y कक्षा रैंकिंग में नीचे से 16 वें स्थान पर है। यदि वे अपनी स्थिति को बदलते हैं, तो X शीर्ष से 21 वें स्थान पर आ जाता है। नीचे से Y की स्थिति क्या होगी?
(a) 21st (b) 16th
(c) 29th (d) 30th

23. कुछ खिलाड़ी एक पंक्ति में खड़े हैं। वीर आगे से 15वें स्थान पर खड़ा है। साकेत पीछे से 20 वें स्थान पर है। आर्यन, वीर के पीछे है तथा उनके बीच दो खिलाड़ी हैं। साकेत आर्यन के ठीक बाद है। इस पंक्ति में कितने खिलाड़ी हैं ?
(a) 37 (b) 39
(c) 38 (d) 36

24. एक कक्षा में सभी 32 विद्यार्थी एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर खड़े हैं। आकाश दायें छोर से 12वें स्थान पर है जबकि प्रिया बाएं छोर से 18 वें स्थान पर है। आकाश और प्रिया के बीच कितने लोग खड़े हैं?
(a) दो (b) चार
(c) तीन (d) पाँच

25. पाँच बैग C1, C2, C3, C4 और C5 के भारों की तुलना की गई है। C4 का भार C1 से अधिक और C2 से कम है। C5 का भार C3 से अधिक है। C2 का भार C3 से कम है। कितने बैगों का भार C2 से कम है?

(a) 3 (b) 1
(c) 4 (d) 2

**26.** पाँच लड़कियों मानसी, काजल, ऋतु, टीना और रिया के अंकों की तुलना की जाती है। रिया के अंक मानसी से कम लेकिन टीना से अधिक हैं। ऋतु के अंक टीना, रिया और मानसी से कम हैं। काजल के अंक ऋतु से कम हैं। कितनी लड़कियों के अंक टीना के अंकों से कम हैं?
(a) 2 (b) 1
(c) 4 (d) 3

**27.** पाँच लड़कों अमन, बमन, चमन, दमन और फरहान की आयु अलग-अलग हैं। फरहान केवल अमन और बमन से बड़ा है। दमन केवल चमन से छोटा है। अमन सबसे छोटा नहीं है। कितने लड़के अमन से बड़े हैं?
(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

**28.** पाँच कारों C1, C2, C3, C4 और C5 की चाल की तुलना की जाती है। C1 की चाल केवल एक कार से अधिक है। C5 की चाल चार कारों से अधिक है। C4 की चाल C1 से अधिक लेकिन C3 और C5 से कम है। कितनी कारों की चाल C3 की चाल से कम है ?
(a) 0 (b) 1
(c) 3 (d) 2

**29.** पाँच कारों B, M, J, N और U के मूल्यों की तुलना की जाती है। J का मूल्य U, M और N के मूल्य से कम है। B का मूल्य सबसे कम है। कोई भी दो कारों का मूल्य एक समान नहीं है। U का मूल्य M के मूल्य से कम है। न तो U और न ही M का मूल्य सबसे अधिक है । कितनी कारों का मूल्य M के मूल्य से कम है?
(a) 3 (b) 2
(c) 4 (d) 1

**30.** छः शब्दों B1, B2, B3, B4, B5 और B6 में अक्षरों की संख्या की तुलना की जाती है। B1 में अक्षरों की संख्या सबसे कम है। B4 में अक्षरों की संख्या B1 से अधिक लेकिन B2 से कम है। B6 में अक्षरों की संख्या B3 और B5 से अधिक है । B3 में अक्षरों की संख्या B2 से अधिक है। यदि B5 में अक्षरों की संख्या B3 से अधिक है, तो B4 में अक्षरों की संख्या कितने शब्दों के अक्षरों की संख्या से कम है?
(a) 4 (b) 2
(c) 1 (d) 3

**31.** पाँच कारों A, L, J, M और T के मूल्यों की तुलना की जाती है। A का मूल्य सबसे कम है। कोई भी दो कारों का मूल्य समान नहीं है। J का मूल्य T, L और M से कम है। न तो T और न ही L का मूल्य सबसे अधिक है । T का मूल्य L से कम है। कितनी कारों का मूल्य T के मूल्य से अधिक है?,
(a) 1 (b) 3
(c) 2 (d) 0

**32.** R, M से लंबा है। M, P से लंबा है ।S, R से लंबा है। H, P से कद में छोटा है। U, N से लंबा है और H से कद में छोटा है। इनमें से सबसे लंबा कौन है?
(a) S (b) M
(c) U (d) R

**33.** छह मित्रों U, V, W, X, Y और Z में से कोई भी दो मित्र समान लंबाई के नहीं हैं। V केवल तीन अन्य मित्रों से लंबा है। Z, केवल X, से लंबा है। W, केवल U से छोटा है। ज्ञात कीजिए कि सभी मित्रों में से तीसरा सबसे छोटा कौन है।
(a) U (b) Z
(c) Y (d) V

**34.** सात बहनों T, U, V, W, X, Y Z में; U केवल चार अन्य बहनों से बड़ी है। V, W से बड़ी है। T, Y से बड़ी है। X केवल एक बहन से बड़ी है, वह Z है जो सभी बहनों में सबसे छोटी है। U, T से बड़ी है । यह देखते हुए कि कोई भी दो बहनों की आयु समान नहीं है, ज्ञात कीजिए कि सबसे बड़ी बहन कौन है।
(a) X (b) V
(c) U (d) W

**35.** सात लोगों K, B, M, C, R, P और S का कद अलग-अलग है। C, K से लंबा है। B का कद M से छोटा है। P का कद M और B से छोटा है। C, P से लंबा नहीं है। S, K से लंबा नहीं है। M केवल एक व्यक्ति से कद में छोटा है। सबसे छोटे कद वाला व्यक्ति कौन है?
(a) K (b) S
(c) P (d) B

**36.** सात लड़कियों आन्या, बीरा, क्लियो, डायना, एली, फातिमा और जॉर्जिया में प्रत्येक की उम्र अलग-अलग है। फातिमा केवल क्लियो से बड़ी है। बीरा केवल जॉर्जिया से छोटी है। डायना चार अन्य लड़कियों से बड़ी है। आन्या, एली से छोटी है। लड़कियों में चौथी सबसे बड़ी कौन है?
(a) एली (b) बीरा
(c) डायना (d) फातिमा

**37.** एक परीक्षा में सात मित्रों प्रदीप, आशु, ऋषि, सैम, टीना, उमा और विक्की के प्राप्तांक दिए गए हैं। किसी भी दो विद्यार्थियों के अंक समान नहीं हैं। प्रदीप ने विक्की से कम परंतु आशु से अधिक अंक प्राप्त किए। ऋषि और टीना ने सबसे अधिक और सबसे कम अंक प्राप्त किए लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में उमा के प्राप्तांक केवल ऋषि के प्राप्तांकों से कम थे। सैम द्वारा प्राप्त अंक केवल एक मित्र से अधिक थे। किसके प्राप्तांक आशु और टीना के प्राप्तांकों के बीच में थे?
(a) प्रदीप (b) विक्की
(c) सैम (d) उमा

**38.** सात मित्रों A, B, C, D, E, F और G, में से प्रत्येक की ऊंचाई अलग-अलग है। A, B से छोटा है लेकिन C से लंबा है B केवल चार अन्य से लंबा है। E, G से लंबा है लेकिन C से छोटा है। D, B से लंबा है लेकिन F से छोटा है। इन सभी में सबसे लंबा कौन है?
(a) B (b) A
(c) F (d) D

**39.** सात छात्रों एनी, बिली, केरी, दिशा, ईशा, फैजल और गायत्री ने अलग-अलग अंक प्राप्त किए हैं। दिशा ने फैजल से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, जिसने द्वितीय स्थान पर सबसे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। केरी और फैजल के बीच तीन छात्रों ने अंक प्राप्त किए हैं। गायत्री ने कैरी से कम अंक प्राप्त किए हैं। किसने सबसे कम अंक प्राप्त किए हैं?
(a) ईशा (b) एनी
(c) फैजल (d) गायत्री

**40.** सात लड़कों M, N, O, P, Q, R और S के कद निम्न प्रकार दिए गए हैं। केवल एक लड़के का कद Q से छोटा है। S सबसे लंबा है। R, P से लंबा है लेकिन O से छोटा है। P का कद सबसे छोटा नहीं है। N का कद केवल एक लड़के से छोटा है। लड़कों में तीसरा सबसे लंबा कौन है?
(a) O (b) R
(c) N (d) P

**41.** छः दोस्तों उदय, विक्रांत, विलियम, जेना, यासिर, और जिया में, प्रत्येक का कद अलग-अलग है। विक्रांत केवल तीन अन्य दोस्तों से लंबा है। जिया केवल जेना से लंबी है और विलियम का कद केवल उदय से छोटा है। यह देखते हुए कि किसी भी दो दोस्तों का कद समान नहीं है, ज्ञात कीजिए कि सभी दोस्तों में तीसरा सबसे छोटा कद किसका है?
(a) यासिर (b) उदय
(c) जिया (d) विलियम

**42.** सात लड़के M, K, C, P, S, T और U एक प्रतियोगिता में भाग लेते हैं। ये सभी 1 से 7 तक अलग-अलग रैंकों पर हैं, 1 उच्चतम और 7 निम्नतम है ।S की रैंक K से कम है, लेकिन C से अधिक है। T की रैंक U से एक कम और P से एक अधिक है। U की दूसरी सर्वोच्च रैंक है ।S की रैंक केवल चार लड़कों से कम है। C की रैंक सबसे कम है। अंतिम से तीसरे स्थान पर किसकी रैंक है?
(a) P (b) K
(c) S (d) T

**43.** सात लड़के A, B, C, D, E, F और G एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुँह करके बैठे हैं ( आवश्यक नहीं कि वे इसी क्रम में हों )। E किसी एक छोर पर बैठा है। A, E के बाएँ, पाँचवें स्थान पर है। B, A या E को निकटतम पडोसी नहीं है। C, B के बाएँ, तीसरे स्थान पर है। A और B के बीच केवल D बैठा है। D और F के बीच केवल दो लड़के बैठे हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

I. G, D के ठीक बाएँ है ।

II. A और B, D के बगल में हैं।

(a) केवल II
(b) केवल I
(c) I और II दोनों
(d) न ता I और न ही II

**44.** छः बाइक T1, T2, T3, T4, T5 और T6 की चाल की तुलना की जाती है। T6 की चाल सिर्फ तीन बाइक से अधिक है। कोई भी दो बाइक की चाल समान नहीं है। T4 की चाल T2 से अधिक लेकिन T6 से कम है। T3 की चाल T5 से कम नहीं है । T2 की चाल सबसे कम नहीं है । किन बाइकों की चाल T4 से अधिक हो सकती है?

I. T3

II. T1

(a) केवल II
(b) केवल I
(c) न ता I और न ही II
(d) I और II दोनों

**45.** **छः टंकियों A, B, C, D, E और F की धारिताओं की तुलना की जाती है। कोई भी दो टंकियों की धारिता समान नहीं है। D की धारिता F और C से अधिक है। A की धारिता केवल B से कम है। टंकियों की धारिताओं के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा क्रम सही हो सकता है?**

**I. A > D > E**

**II. C > F > E**

(a) न ता I और न ही II
(b) केवल I
(c) केवल II
(d) I और II दोनों

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (d) | 2. | (c) | 3. | (b) | 4. | (a) | 5. | (c) | 6. | (b) | 7. | (c) | 8. | (c) | 9. | (b) | 10. | (b) |
| 11. | (d) | 12. | (d) | 13. | (d) | 14. | (b) | 15. | (b) | 16. | (b) | 17. | (a) | 18. | (a) | 19. | (c) | 20. | (b) |
| 21. | (a) | 22. | (d) | 23. | (c) | 24. | (a) | 25. | (d) | 26. | (a) | 27. | (c) | 28. | (c) | 29. | (a) | 30. | (a) |
| 31. | (c) | 32. | (a) | 33. | (c) | 34. | (b) | 35. | (b) | 36. | (a) | 37. | (c) | 38. | (c) | 39. | (d) | 40. | (a) |
| 41. | (a) | 42. | (c) | 43. | (a) | 44. | (d) | 45. | (d) | | | | | | | | | | |

## विस्तृत हल

**Ans. 1. (d)**

प्रश्नानुसार नितिन के पीछे छात्रों की संख्या = (49 – 18) = 31

अतः नितिन अंत से **32**वें स्थान पर है।

**Ans. 2. (c)**

प्रश्नानुसार (बायी ओर से स्थान)

= 40 – 23 + 1 = **18** वाँ

**Ans. 3. (b)**

प्रश्नानुसार (बाएं से स्थान)

= 50 – 14 + 1 = **37**वाँ

**Ans. 4. (a)**

प्रश्नानुसार (कुल लड़कियां)

= 11 + 11 – 1 = **21**

**Ans. 5. (c)**

प्रश्नानुसार (कुल छात्र)

= 17 + 19 – 1 = **35**

**Ans. 6. (b)**

प्रश्नानुसार स्पष्टतः कक्षा में विद्यार्थियों की संख्या

= (8 + 1 + 37) = **46**

**Ans. 7. (c)**

प्रश्नानुसार रैंक में मनोज के पीछे की संख्या

= (31 – 7) = 24

अतः मनोज नीचे से 25वां है।

रैंक में सचिन के पीछे छात्रों की संख्या

= (31 – 11) = 20

अतः सचिन नीचे से **21**वें स्थान पर है।

**Ans. 8. (c)**

प्रश्नानुसार दिव्या 26 वें स्थान पर है और भारती दिव्या से 8 रैंक आगे है। तो, भारती 18वें स्थान पर है।

रैंक में भारती के पीछे छात्रों की संख्या

= (42 –18) = 24

अतः भारती अंत से **25**वें स्थान पर है।

**Ans. 9. (b)**

प्रश्नानुसार कक्षा में लड़कों की संख्या

= (18 + 1 + 18) = **37**

**Ans. 10. (b)**

प्रश्नानुसार पंक्ति में लड़कों की संख्या = (6 + 10 + 8) = **24**

**Ans. 11. (d)**

= 18 + 39 – 1 + (10 + 4) = **70**

**Ans. 12. (d)**

प्रश्नानुसार (बाएं से नया स्थान)


= 15 + 6 = 21st

(दाएं से स्थान)

37 – 21 + 1 = **17th**

**Ans. 13. (d)**

प्रश्नानुसार




= कुल विद्यार्थी = 13 + 2 + 23 = **38**

**Ans. 14. (b)**

प्रश्नानुसार

(i) (नीचे से बिलाल की रैंक) = 11th


(ii) (नीचे से सलमान की रैंक) = 11 + 9 = 20th

(iii) (ऊपर से सलमान की रैंक)

= 52 – 20 + 1 = **33rd**

**Ans. 15. (b)**

प्रश्नानुसार





कुल लड़के = 28 + 35 = **63**

**Ans. 16. (b)**

प्रश्नानुसार

Overlapping ⇒





(उनके मध्य बच्चों की संख्या)

= 18 + 16 – 25 – 2 = **7**

**Ans. 17. (a)**

प्रश्नानुसार




(न्यूनतम लड़के)

18 + 12 – 6 – 2 = 22

कुल = 28 + 35 = **63**

**Ans. 18. (a)**

प्रश्नानुसार


I : 12 Q 15 S
Ⓟ Ⓠ

II : 7P4 Q 6R 8S = **29** लोग

**Ans. 19. (c)**

प्रश्नानुसार


Overlapping ⇒




∴ कुल व्यक्तियों संख्या = 27 + 18 – 5 – 2 = **38**

**Ans. 20. (b)**


प्रश्नानुसार




(सूरेश का अंत से स्थान) = 17 + 7 = 24th

(सुरेश का आरंम्भ से स्थान) 39 – 24 + 1 = **16th**


**Ans. 21. (a)**




अतः कुल विद्यार्थियों की संख्या = 11 + 22 = **32**

**Ans. 22. (d)**

प्रश्नानुसार




कुल छात्र = 21 + 15 = 36

Y की नीचे से स्थिति = 16 + 14 = **30**

## Ans. 23. (c)


प्रश्नानुसार

वीर के पीछे आर्यन है और उनके बीच दो खिलाड़ी खड़े हैं। तो आर्यन = 15 + 3 = 18th आगे से और साकेतम आर्यन के ठीक बाद में है तो आर्यन पीछे से 21वें स्थन पर है।

तो कुल छात्र = 18 + 21 – 1 = **38**

## Ans. 24. (a)

प्रश्नानुसार




विद्यार्थियों की कुल संख्या = 32

आकाश और प्रिया के बीच खड़े लोग

32 – (18 + 12) = 32 – 30 = **2**

## Ans. 25. (d)

प्रश्नानुसार

C5 > C3 > C2 > C4 > C1

दो बैगों का वजन **C2** से कम है।

## Ans. 26. (a)

प्रश्नानुसार

मानसी > रिया > टीना > ऋतु > काजल

दो लड़कियों के **टीना** से कम हैं।

## Ans. 27. (c)

प्रश्नानुसार

चमन > दमन > फरहान > अमन > बमन

**अमन** से तीन लड़के बड़े हैं।

## Ans. 28. (c)

प्रश्नानुसार

C5 > C3 > C4 > C1 > C2

3 कारों की गति **C3** से कम है।

## Ans. 29. (a)

प्रश्नानुसार

N > M > U > J > B

कारों की कीमत **M** से कम है।

## Ans. 30. (a)

प्रश्नानुसार

B6 > B5 > B3 > B2 > B4 > B1

**B4** में अक्षरों की संख्या **4** शब्दों से कम है।

## Ans. 31. (c)

प्रश्नानुसार

M > L > T > J > A

दो कारों की कीमत **T** से अधिक है।

## Ans. 32. (a)

प्रश्नानुसार

S > R > M > P > H > U > N

**S सबसे लम्बा है।**

## Ans. 33. (c)

प्रश्नानुसार

सबसे छोटा सबसे बड़ा

X→Z→Y→V→W→U

अत: **Y** सभी मित्रों में तीसरा सबसे छोटा है।

## Ans. 34. (b)

प्रश्नानुसार

V > W > U > T > Y > X > Z

अत: **V** सबसे बड़ी बहन है।

## Ans. 35. (b)

प्रश्नानुसार

R > M > R > B > P > C > K > S

**S** सबसे छोटा है।

## Ans. 36. (a)

प्रश्नानुसार

**एली** लड़कियों में **चौथी** सबसे बड़ी है।

जॉर्जिया > बीरा > डायना > एली > आन्या > फातिमा > क्लियो

## Ans. 37. (c)

प्रश्नानुसार

ऋषि > उमा > विक्की > प्रदीप > आशु > सैम > टीना

**सैम** का अंक **आशु और टीना** के अंक के बीच में है।

## Ans. 38. (c)

प्रश्नानुसार

G < E < C < A < B < D < F

अत: F सबसे लंबा है।

## Ans. 39. (d)

प्रश्नानुसार

दिशा > फैजल > – > – > – > – > कैरी > गायत्री हम देख सकते हैं कि **गायत्री** न सबसे कम अंक प्राप्त किये

## Ans. 40. (a)

S > N > O > R > P > Q > M

अत: **O** तीसरा सबसे लंबा है।

## Ans. 41. (a)

उदय > विलियम > विक्रांत > यासिर > जिया > ज़ेना

**यासिर** तीसरा सबसे छोटा है।

## Ans. 42. (c)

| K | U | T | P | S | M | C |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

अत: S अंतिम से तीसरा है।

## Ans. 43. (a)

C A D B G F E

G, D के ठीक बाई ओर नहीं है। **A** और **B, D** के पड़ोसी हैं। इसलिए, केवल कथन II सही है।

## Ans. 44. (d)

T1/T3 > T3/T1 > T6 > T4 > T2 > T5

T3 और T1 की गति **T4** से अधिक हो सकती है।

## Ans. 45. (d)

प्रश्नों के अनुसार 4 संभावनाएँ हैं,

B > A > D > F/C > F/C > E ....(1)

B > A > E > D > F/C > F/C ....(2)

B > A > D > E > F/C > F/C.....(3)

B > A > D > F/C > E > F/C.....(4)

I. A > D > E .....[(1) से संभव हो सकता है।

II. C > F > E .....[(1) से संभव हो सकता है।

अत: I और II दोनों सही हो सकते हैं।

# Sandeep Sir Super – 20

**1.** यदि 48 उम्मीदवारों के समूह में रीना की रैंक ऊपर से 11 वीं है नीचे से रीना की रैंक क्या होगी?
(a) 47 (b) 45
(c) 49 (d) 38

**2.** एक कक्षा में, एक परीक्षा उत्तीर्ण करने वालों में राजू का स्थान ऊपर से सोलहवां और नीचे से उन्तालीसवां है। सात छात्र परीक्षा में शामिल नहीं हुए और दो अनुत्तीर्ण हो गए। तो कक्षा में विद्यार्थियों की कुल संख्या कितनी है?
(a) 70 (b) 73
(c) 65 (d) 74

**3.** कुछ विद्यार्थी एक परीक्षा में सम्मिलित हुए। पारुल ने परीक्षा में उच्चतम स्थान प्राप्त किया, जबकि उनकी बहन शोम्या नीचे से 11 वें रैंक पर रहीं। शोम्या की रैंक के बाद तन्मय की रैंक चौथी थी। यदि तन्मय की रैंक पारुल और अंतिम रैंक प्राप्त करने वो विद्यार्थी के ठीक बीच में है, तो परीक्षा में कितने विद्यार्थी सम्मिलित हुए?
(a) 13 (b) 11
(c) 14 (d) 12

**4.** मोनिका एक कक्षा में ऊपर से 37वें और नीचे से 20वें स्थान पर कक्षा में कितने छात्र हैं?
(a) 52 (b) 56
(c) 50 (d) 59

**5.** विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, बाएं से 37 वें स्थान पर है और मोहन दाएं से 27वें स्थान पर यदि वे अपना स्थान आपस में बदल लेते है, तो मोहित बाएं से 26वें स्थान पर हो जाता है। तो पंक्ति में कितने विद्यार्थी हैं?
(a) 52 (b) 63
(c) 62 (d) 53

**6.** विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, एनी बाएं से 24 वे और दाएं से 25वें स्थान पर है। पंक्ति में कुल कितने छात्र हैं?
(a) 47 (b) 49
(c) 46 (d) 48

**7.** एक कक्षा में छात्रों की कुल संख्या 25 है। नीचे से, ममता की रैंक 8 है। ऊपर से उसकी रैंक क्या है?
(a) 18 वीं (b) 32 वीं
(c) 35 वीं (d) 30 वीं

**8.** एक कक्षा में छात्रों की कुल संख्या 45 है। नीचे से माया की रैंक 11 है। ऊपर से उसकी रैंक क्या है?
(a) 32 वीं (b) 30 वीं
(c) 18 वीं (d) 35 वीं

**9.** 100 विद्यार्थियों की एक कक्षा में, लड़कों की संख्या लड़कियों की संख्या की तीन गुना है। नीलांजन नाम के लड़के की रैंक से 56 वीं है। यदि शीर्ष से 15 लड़कियां नीलांजन की रैंक से पीछे हैं, तो कितने लड़कों ने नीलांजन से बेहतर रैंक प्राप्त की है?
(a) 34 (b) 35
(c) 36 (d) 37

**10.** 50 विद्यार्थियों की एक कक्षा में, खुशबु, खुशी से 10 स्थान आगे है। यदि खुशी का स्थान अंत से 18वां है, तो शुरूआत से खुशबू का स्थान कौन-सा है?
(a) 21 (b) 22
(c) 23 (d) 24

**11.** 30 विद्यार्थियों की एक कक्षा में रमन का स्थान शीर्ष से चौदहवां है। उसके मित्र राघव का स्थान नीचे से 16वां है। रमन और राघव के बीच कितने विद्यार्थियों का स्थान है?
(a) 0 (b) 3
(c) 2 (d) 1

**12.** 59 विद्यार्थियों की कक्षा में, केवल 16 विद्यार्थियों ने रत्ना से कम लेकिन महक से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। यदि महक की रैंक पीछे से 27वीं तो आगे से रत्ना की रैंक क्या है?
(a) 12 (b) 16
(c) 15 (d) 10

**13.** छात्रों के समूह में सुजॉय शीर्ष से 19वें स्थान पर तथा नीचे से 25 वें स्थान पर है। समूह में कुल कितने छात्र है?
(a) 41 (b) 42
(c) 44 (d) 43

**14.** पचास छात्र एक पंक्ति में बैठे हैं। बाएं से कबीर का स्थान 24वां है। दाएँ छोर से समीर की रैंक ज्ञात कीजिए।
(a) 28 (b) 25
(c) 26 (d) 27

**15.** 60 विद्यार्थियों की एक कक्षा में राहुल ने शीर्ष से 25 वां स्थान प्राप्त किया ओर अपने सबसे अच्छे दोस्त आमिर से सिर्फ तीन स्थान आगे रहा। नीचे से आमिर का स्थान क्या है?
(a) 34 (b) 33
(c) 31 (d) 32

**16.** 100 पर्यटकों की एक पंक्ति में, टिकट काउंटर के सामने उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में खड़े अर्जुन का स्थान दाएं छोर से 30 वां है, जबकि पुनीत का स्थान का बाएं छोर से 20 वां है। अर्जुन और पुनीत के बीच कितने विद्यार्थी खड़े हैं?
(a) 48 (b) 51
(c) 49 (d) 50

**17.** बच्चों की एक पंक्ति में, रोहन बाएं से नौवें स्थान पर है। और कपिल दाएं से पन्द्रहवें स्थान पर है। जब वे अपना स्थान आपस में बदलते हैं, तो रोहन बाएं से ग्यारहवें स्थान पर हो जाएगा। दाईं ओर से कपिल का नया स्थान निम्नलिखित में से कौन-सा होगा?
(a) 19वाँ (b) 16वाँ
(c) 18वाँ (d) 17वाँ

**18.** पैंसठ छात्र एक पंक्ति में बैठे है। बायें से श्याम का स्थान 15वाँ है। दाएँ छोर से गोपी की रैंक ज्ञात कीजिए।
(a) 49वाँ (b) 45वाँ
(c) 41वाँ (d) 51वाँ

**19.** रेशु एक कक्षा में ऊपर से 33वें और नीचे से 19 वे स्थान पर है। कक्षा में कितनी लड़कियाँ हैं?
(a) 53वाँ (b) 59वाँ
(c) 55वाँ (d) 51वाँ

**20.** सोनी एक कक्षा में ऊपर से 17वें और नीचे से 10वें स्थान पर है। कक्षा में कितने छात्र है?
(a) 25 (b) 28
(c) 27 (d) 26

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (d) | 2. | (b) | 3. | (a) | 4. | (b) | 5. | (a) | 6. | (d) | 7. | (a) | 8. | (d) | 9. | (a) | 10. | (c) |
| 11. | (a) | 12. | (b) | 13. | (d) | 14. | (d) | 15. | (b) | 16. | (d) | 17. | (d) | 18. | (d) | 19. | (d) | 20. | (d) |